आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार

देहरादून (उत्तराखण्ड)

रविवार 11.08.2024

समय 1830

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में अधिक उपज, जलवायु अनुकूल और जैव सशक्त फसलों की 109 किस्में जारी की।
- खेल मंत्री रेखा आर्या ने ''उत्तराखंड पैरालंपिक बॉलीबाल खिलाड़ियों'' को राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर सम्मानित किया।
- बागेश्वर और चमोली जिले में भारी से भारी बारिश की चेतावनी, पर्वतीय क्षेत्रों में भूस्खलन के चलते अवरूद्ध मार्गों को खोलने का प्रयास जारी।
- पेरिस ओलिंपिक खेलों का आज रात भव्य समारोह के साथ समापन।

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली के भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में अधिक पैदावार वाली, जलवायु अनुकूल और जैव सशक्त फसलों की 109 किस्में जारी की। इन किस्मों में 61 फसलें शामिल हैं जिनमें 34 खेती की तथा 27 बागवानी की फसलें हैं। खेती की फसलों में बाजरा, तिलहन, दलहन, गन्ना, कपास और अन्य फसलों के बीज शामिल हैं। बागवानी फसलों में फल, सब्जी, कंदमूल, मसाले, फूल और औषधि पौधों के बीज हैं। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने किसानों और वैज्ञानिकों से बातचीत भी की। नई फसल किस्मों पर प्रधानमंत्री ने कहा कि इनसे कृषि में मूल्यवर्धन होगा। किसानों ने कहा कि नई किस्मों से उनके खर्चों में कमी आएगी और पर्यावरण पर सकारात्मक प्रभाव पडेगा। श्री मोदी ने मोटे अनाज का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि लोग पोषक खानपान की ओर आकर्षित हो रहे है। उन्होंने प्राकृतिक खेती के लाभों के बारे में बात करते हुए कहा कि आम जनता का जैविक कृषि पर भरोसा बढ रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि लोग जैविक खाद्य पदार्थों का उपभोग कर रहे है और इनकी मांग बढ रही है। किसानों ने प्राकृतिक कृषि को बढावा देने के लिए सरकार के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि कृषि विज्ञान केंद्र की जागरूकता बढाने में महत्वपूर्ण भूमिका है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कृषि विज्ञान केंद्रों को नई किस्मों के बारे में किसानों को जानकारी देने के लिए सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।

खेल मंत्री

खेल मंत्री रेखा आर्या ने आज देहरादून में ''उत्तराखंड पैरालंपिक बॉलीबाल खिलाड़ियों'' को राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर सम्मानित किया। पैरालंपिक एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड की ओर से आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्रीमती आर्या ने कहा कि पैरालंपिक खिलाड़ियों ने अपने खेल के जरिये अन्य लोगों को भी प्रेरित करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन में राज्य के खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। खेल मंत्री ने कहा कि आज दिव्यांग खिलाड़ी अपने खेल कौशल से देश और राज्य का नाम रोशन करने का काम कर रहे हैं।

चुनाव

राज्य में निकाय चुनाव और रुद्रप्रयाग जिले की केदारनाथ विधानसभा सीट पर उपचुनाव होने है। इसके लिए राजनीतिक दलों ने तैयारियां तेज कर दी हैं, हालांकि अभी निर्वाचन आयोग ने चुनाव की तिथियां घोषित नहीं की हैं। आगामी चुनाव को देखते हुए भाजपा, कांग्रेस और अन्य राजनीतिक दल, कार्यकर्ताओं के साथ बैठकें कर चुनाव रणनीति बनाने पर लगे हुए हैं। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी का 20 सितंबर को उत्तराखंड भ्रमण का कार्यक्रम प्रस्तावित है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने यह जानकारी दी है। श्री माहरा का कहना है कि वरिष्ठ नेताओं के आगमन पर पार्टी बड़ी रैली की तैयारी कर रही है।

अल्मोड़ा नगर पालिका

अल्मोड़ा नगर पालिका ने नगर को स्वच्छ बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके तहत वार्डों और सड़क किनारे भूमिगत कूड़ा दान स्थापित किये गये हैं। अल्मोड़ा नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी भरत त्रिपाठी ने कहा कि खुले कूड़ेदानों से कचरा बिखर जाता था, अब भूमिगत कूड़ेदान से इस समस्या से निजात मिल गई है। स्थानीय निवासी हिमांशु पेटशाली का कहना है कि पालिका द्वारा भूमिगत कूड़ा दान लगाए जाने से कूड़ा बिखर नहीं रहा है और स्वच्छता बनी हुई है।

रक्षाबंधन तैयारियां

रक्षाबंधन पर प्रदेश के बाजार सजने लगे हैं। मैदान से लेकर पहाड़ तक के बाजारों में लोग जमकर खरीदारी कर रहे हैं। इससे स्थानीय व्यापारियों में खासा उत्साह है। लोकल फॉर वोकल के तहत पहाड़ों में स्वयं सहायता समूह हस्तनिर्मित राखियां तैयार कर अच्छी कमाई कर रहे हैं। टिहरी जिले के बाजारों में भी खासी रौनक देखने को मिल रही है। क्षेत्रीय व्यापारियों का कहना है कि लोगों ने राखियां खरीदनी शुरू कर दी हैं। बाजार में तरह–तरह की राखियां उपलब्ध हैं। घनसाली में राखी का कारोबार कर रहे राजा सिंह का कहना है कि यह त्योहार छोटे–बड़े व्यापारियों के लिए रोजगार का जरिया है। इस साल रक्षाबंधन का त्योहार आगामी 19 अगस्त को मनाया जाएगा।

तिरंगा यात्रा (नैनीताल)

हल्द्वानी में आज भारतीय जनता युवा मोर्चा ने आजादी का जश्न मनाने के लिये बाइक रैली निकाली। एचएनए इंटर कॉलेज के मैदान से शुरू हुई बाइक रैली नैनीताल रोड स्थित बीरसीवा स्कूल तक आयोजित की गई। रैली में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं व महिला कार्यकर्ताओं ने भी प्रतिभाग किया। भाजयुमो के जिलाध्यक्ष कार्तिक हरबोला ने बताया कि युवाओं में तिरंगा यात्रा को लेकर भारी उत्साह दिखाई दे रहा है। वहीं, तिरंगा यात्रा में शामिल हुए अन्य लोग भी राष्ट्रप्रेम की भावना से ओतप्रोत नजर आए। लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला।

हवलदार दीपेंद्र सिंह कंडारी

जम्मू कश्मीर के तंगधार में 17 गढ़वाल रेजीमेंट में तैनात हवलदार दीपेंद्र सिंह कंडारी का आकस्मिक निधन हो गया है। वे चमोली जिले के पोखरी ब्लॉक के करछुना गांव निवासी थे। आज देहरादून में सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी उनकी अंतिम यात्रा में शामिल हुए और उन्हें पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। श्री जोशी ने कहा कि संकट की घड़ी में केंद्र और राज्य सरकार उनके परिवारजनों के साथ खड़ी है।

सत्यापन अभियान

हरिद्वार में स्वतंत्रता दिवस को ध्यान में रखते हुए लक्सर कोतवाली क्षेत्र में पुलिस ने सुरक्षा की दृष्टि से डोर टू डोर सत्यापान अभियान चलाया। इस दौरान बिना सत्यापन के किराएदारों को रखने पर मकान मालिको का चालान किया गया। इसके अलावा होटल, ढाबा, फड़ और फेरी पर कार्य करने वाले बाहरी और संदिग्ध व्यक्तियों का भी सत्यापन किया गया।

मौसम

राजधानी देहरादून में कहीं–कहीं आज बारिश हुई, जबकि राज्य के अन्य हिस्सों में कहीं–कहीं बादल छाए हुए हैं। इस बीच, मौसम विभाग ने बागेश्वर और चमोली जिलों में भारी से भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। विभाग का कहना है कि राज्य में 15 अगस्त तक बारिश के आसार बने हुए हैं। इस दौरान राज्य में कहीं–कहीं आकाशीय बिजली चमकने और तेज बौछार पड़ने की संभावना है। उधर, रूद्रप्रयाग जिले की तुंगनाथ घाटी में कल रात मूसलाधार बारिश के बाद कुंड–ऊखीमठ–चोपता–गोपेश्वर राजमार्ग पर कई जगहों पर भू–धंसाव हुआ है। साथ ही राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों में अवरूद्ध मार्गों को खोलने का प्रयास जारी है।

विभाग की चेतावनी को देखते हुए सरकार ने तीर्थयात्रियों से मौसम पूर्वानुमान देखकर ही यात्रा करने की अपील की है।

खेल

पिथौरागढ़ जिले में मुख्यमंत्री खिलाड़ी प्रोत्साहन योजना के तहत जिला स्तरीय ट्रायल शुरू हो गए हैं। एथलेटिक्स, बॉक्सिंग, जूडो, कराटे, बैडमिन्टन, ताइक्वांडो, वालीबॉल, फुटबॉल, बास्केटबॉल, हॉकी, टेबल–टेनिस और कबड्डी के लिए खिलाड़ियों का चयन किया जा रहा हैं। जिले के विभिन्न क्षेत्रों से 14 से 17 वर्ष की आयु के 105 खिलाड़ियों ने खेल छात्रवृत्ति और खेलकिट के लिए प्रतिभाग किया, जिसमें 70 बालक व 35 बालिकाएं शामिल थीं। जिला क्रीड़ा अधिकारी अनूप बिष्ट ने बताया कि ट्रायल के दौरान खिलाड़ियों की शारीरिक दक्षता और खेल स्पर्धा के साथ ही विशिष्ट कौशल परीक्षा ली गयी। उन्होंने बताया कि 12 अगस्त को 19 से 21 वर्ष की आयु सीमा में बालक–बालिका खिलाड़ियों के ट्रायल लिये जायेगें।

पेरिस ओलिम्पिक

लगभग तीन सप्ताह तक चली, रोमाचंक खेल स्पर्धाओं के बाद आज रात पेरिस ओलिम्पिक खेल सम्पन्न हो रहे हैं। समापन समारोह भारतीय समयानुसार रात साढ़े 12 बजे शुरू होगा। इस दौरान 80 हजार दर्शकों के स्टेडियम में मौजूद रहने की संभावना है। समापन समारोह में ओलिम्पिक का ध्वज, 2028 में लॉस एंजिलिस में होने वाले अगले ओलिम्पिक खेलों की आयोजन समिति को सौंपा जाएगा।

इस ओलिम्पिक में भारत ने एक रजत और पांच कांस्य पदक जीतकर 71वां स्थान हासिल किया। मनु भाकर ने कांस्य पदक जीतकर इस ओलिम्पिक में भारत को पहला पदक दिलाकर इतिहास रचा। वे ओलिम्पिक निशानेबाजी में पदक जीतने वाली पहली महिला हैं। उन्होंने सरबजोत सिंह के साथ 10 मीटर की मिक्सड टीम एयर पिस्टल स्पर्धा में एक और कांस्य पदक जीतकर एक ही ओलिम्पिक में दो पदक जीतने वाली पहली महिला होने का नया रिकॉर्ड अपने नाम किया। स्वप्निल कुसाले ने निशानेबाजी में तीसरा पदक जीता। हॉकी में भारतीय पुरुष टीम ने कांस्य पदक अपने नाम किया। नीरज चोपड़ा ने पुरुषो के भाला फेंक में रजत पदक जीता। भारत के उभरते हुए पहलवान अमन सहरावत 57 किलोग्राम फ्री स्टाइल श्रेणी में कांस्य पदक जीतकर ओलिम्पिक में पदक जीतने वाले भारत के सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने।